**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3720**

**दिनांक 21 दिसम्बर, 2021 के लिए प्रश्न**

**डेयरी उद्योग और पशुपालन को बढ़ावा देना**

**3720. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने अथवा इसके उत्पादन और निर्यात को बढ़ाने के लिए कोई कार्य-योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस कार्य-योजना की रूपरेखा क्या है और अतीत में इसके उत्पादन की तुलना में डेयरी उत्पादों में किस हद तक वृद्धि हुई है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) और (ख) पशुपालन और डेयरी विभाग देश में डेयरी उद्योग और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए डेयरी विकास से संबंधित निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

i. राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी)
ii. डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि (डीआईडीएफ)
iii. डेयरी कार्यकलापों में लगी डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता (एसडीपीएफपीओ)
iv. पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ)
v. राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम)

(ग) उपर्युक्त योजनाओं का लक्ष्य, कवर न किए गए गांवों में दूध इकट्ठा करने के लिए अवसरंचना के विस्तार, मूल्य संवर्धित उत्पादों का हिस्सा बढ़ाने के लिए प्रसंस्करण अवसरंचना के सृजन और शीत श्रृंखला विपणन के माध्यम से देश में संगठित सेक्टर की हिस्सेदारी को बढ़ाना है। इन योजनाओं के कार्यान्वयन से दूध और उत्पादों की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। योजना के कार्यान्वयन के अलावा, भारतीय मानक ब्यूरो, उपभोक्ता मामले विभाग ने डेयरी उत्पादों के लिए प्रयोग किए जाने हेतु एकल लोगो वाली डेयरी वैल्यू प्रणाली के लिए एकल प्रमाणन हेतु दिनांक 8.12.2021 को "भारतीय मानक ब्यूरो (अनुरूपता निर्धारण) (छठा संशोधन) विनियम 2021" अधिसूचित किए हैं। इस विभाग ने उत्पाद ट्रेसेबिलिटी में सुधार करने के लिए विशिष्ट पहचान संख्या के साथ दुधारू पशुओं की इयर-टैगिंग भी प्रारंभ की है। इन सभी कदमों से न केवल डेयरी उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास में वृद्धि होगी बल्कि इससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

******